आईआईएमः स्टूडेंट्स को मिलेगी जॉब अपॉर्च्युनिटी

सिटी रिपोर्टर | आईआईएम ने ग्लोबल डिजिटल इंजीनियरिंग सर्विस कंपनी कोलाबेरा डिजिटल के साथ एमओयू साइन किया है। इसका मोटिव इंडस्ट्री और एकेडमी के बीच कोलैबरेट करना है। साथ ही ट्रांसफार्मेटिव सॉल्यूशन्स को बढ़ावा देने के साथ कंपनी और एकेडमिक के बीच इंटरेक्शन को बढ़ाना है। इससे स्टूडेंट्स को जॉब अपॉर्च्युनिटी और वर्कफोर्स स्किल भी डेवलप होगा। इस मौके पर आईआईएम के डायरेक्टर डॉ. रामकुमार काकानी ने कहा कि इस एमओयू से इंडस्ट्री और संस्थान के स्टूडेंट्स के बीच इंटरेक्शन होगा, जिसका फायदा दोनों को मिलेगा। वहीं कोलाबेरा डिजिटल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) श्रीनिवास वी ने कहा कि एकेडमिक और इंडस्ट्री एक साथ लाकर, हमारा लक्ष्य एक डायनेमिक लर्निंग एंवायरनमेंट बनाना है, जो फ्यूचर की चुनौतियों के लिए लीडर्स को शेप दें।

एंप्लॉइज को किया जाएगा स्पॉन्सरः इस एमओयू से स्टूडेंट्स का इंडस्ट्री में इन्वॉल्वमेंट बढ़ेगा। एक्सपर्ट के सेशंस से थ्योरी व इसके ऐप्लीकेशन का गैप कम होगा और स्टूडेंट्स की लर्निंग भी बढ़ेगी। वहीं पार्टनरशिप से स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और टेल्ड एग्जिक्यूटिव प्रोग्राम, केस स्टडी डेवलपमेंट और रिसर्च प्रोजेक्ट्स से इंडस्ट्री और एकेडमिक दोनों क्षेत्रों में प्रोग्रेस होगा।

Dainik Bhasker, 28thNov. 2023,p. 2(City Bhasker)